Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

सच का साथी

दैनिक डिजीटल अखबार | खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 27-09-2021 | अंक 11

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941

बरही | चौपारण | बरकट्ठा | कोडरमा | इचाक | चंदवारा | विजैया | चतरा | हजारीबाग | पदमा/चलकुशा | राज्य/देश

## न्यूज ब्रिफ

### बस मे बैठा युवक को खिड़की से हाथ निकालना पड़ा भारी, विपरीत दिशा से आ रही वाहन ने कुचला

**अपेम लाइव : बरही**
**बिरेन्द्र कुमार**

हजारीबाग निवासी अनिल चौधरी पिता गोकुल चौधरी अपने ससुराल पटना से घर लौट रहे थे, इस दौरान वे हाथ बाहर निकालने की गलती कर बैठे। जिससे एक अन्य गाड़ी ने उनके हाथ को बुरी तरह से कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। व्यक्ति को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।


### खराब पड़े स्ट्रीट लाइट को ठीक कराते पूजा समिति के लोग

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनू पंडित**

बरही गया रोड में एनटीपीसी के द्वारा कई स्ट्रीट लगाए गए थे। लेकि कुछ समय ले बाद लाइट खराब हो गया।पिछले कई महीनों से  लाइट खराब पड़े थे कुछ रोड के किनारे बिखरे पड़े थे । लेकिन कोई अधिकारी खराब पड़े स्ट्रीट लाइट पर ध्यान नही दिया जबकि सप्ताह में बरही के गया रोड से कई विधायक कई मंत्री आते जाते है, लेकिन खराब पड़े इस स्ट्रीट लाइट की और किसी का ध्यान नही गया। अंत मे आने वाले पर्व  जैसे दुर्गा पूजा, दीपावली, एवं छठ पूजा को देखते हुए गया रोड दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा खराब पड़े स्ट्रीट लाइट को ठीक कराया गया।



खराब पड़े लाइट को ठीक कराते पूजा समिति के सदस्य



# जनप्रतिनिधियों के  आश्वासन के बाद भी नही बनी सड़क, ग्रामीणों ने खुद के आर्थिक सहयोग व श्रमदान ने बना डाली एक किमी सड़क

## मदीना मस्जिद कोनरा से पटना रोड तक की सड़क की हुई श्रमदान स्वयं की आर्थिक सहयोग से मरम्मती

**अपेम लाइव : बरही**

बरही के कोनरा एवं बरही पूर्वी पंचायत अंतर्गत शादी मुहल्ला मदीना मस्जित से पटना रोड को मिलाने वाली नहर  रोड़ की स्थिति काफी ख़राब हो गई है। बरसात में इस रोड की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि  वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़क में जगह जगह पर गढ्ढे हो गए हैं। जिसके कारण आने जाने में काफी फजीहत उठानी पड़ रही है। कई बाइक सवार दुर्घटना ग्रस्त होकर चोटिल भी हो चुके हैं।  इस नहर के आस पास रहने वाले लोग नहर रोड की मरम्मती एवं पक्की सड़क के लिए सांसद जयंत सिन्हा, विधायक उमाशंकर अकेला, मुखिया ताजुद्दीन सहित अन्य सभी पंचायत प्रतिनिधियों से गुहार लगा चुके है। लेकिन अब तक किसी के द्वारा कोई सार्थक पहल नही किया गया। जिसके कारण नहर वाली सड़क की स्थिति जस की तस  है। आज़ादी के सात दशक के बाद भी जब  सड़क की मरम्मती नही हो पाई। जन प्रतिनिधि द्वारा दिया गया आश्वासन टूट गया तो स्थानीय लोगों ने खुद का आर्थिक सहयोग कर एवं श्रमदान कर सोमवार को जेसीबी लगाकर नहर वाली सड़क को साफ कराया गया। मिट्टी भरवा कर समतलीकरण किया गया। सड़क को चलने लायक बनाया गया। सड़क बना रहे स्थानीय लोगों में सांसद, विधायक एवं मुखिया पंचायत समिति सदस्य के प्रति गहरी नाराजगी एवं आक्रोश देखा गया। सड़क बनवाने में अहम भूमिका निभाने वाले कन्हैया सिंह, अरुण साव, जे एन किशोर पांडेय, मनोज उपाध्याय एवं रंजीत पांडेय ने बताया कि इस जर्जर रोड को बनाने के लिए सांसद,  विधायक एवं मुखिया से गुहार लगा लगा कर परेशान हो गए। लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। अंततोगत्वा खुद सड़क की मरम्मती करानी पड़ी। सभी ने एक स्वर से कहा कि जिस रोड को मरम्मतीकरण, पक्कीकरण की चिंता जम्प्रति. निधियों को नही है। उन्हें इस रोड से आने जाने का नैतिक अधिकार नही होनी चाहिए। सड़क मरम्मती कराने में अरुण कुमार, कन्हैया सिंह, मनोज उपाध्याय, रंजीत पांडेय, महावीर चन्द्रवंशी,नवल किशोर सिंह,  विजय वर्मा,मनोज कुमार उपाध्यय,राणा,,  ज्योतिष यादव, अरुण साव भगीरथ साव, बबलू ठाकुर, गनपत राणा,कुणाल कटरियार, जेएन किशोर पांडेय, मुस्ताक मिया, मुकेश राम, बिनोद साव, आदि लोग सहयोग किया।



खुद से सड़क बनवाते  ग्रामीण

# संयुक्त किसान मोर्चा के भारत बंद का दिखा व्यापक असर, दो घंटा रहा बरही चौक जाम

## कॉग्रेस, झामुमो, भाकपा माले का संयुक्त तौर पर विरोध प्रदर्शन, लेकिन खुली रही दुकान

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनू पंडित / धनंजय कुमार**

केंद्र सरकार तीनो कृषि कानून को रद्द करने, बढ़ती महंगाई एवं मोदी सरकार की तानाशाही रवैया के खिलाफ  भारतीय संयुक्त किसान मोर्चा एवं विपक्षी दलों के द्वारा बुलाई गई भारत बंद का ब्यापक असर बरही चौक पर दिखा। सुबह 10 बजे कांग्रेस, झामुमो एवं भाकपा माले का कार्यकर्ता बरही चौक पर पहुंचे एवं बरही चौक जाम कर दिए। जाम के वजह गया रोड, धनबाद रोड,  हज़ारीबाग़ रोड एवं तिलैया रोड में लगभग 2 से 3 किमी तक लंबी जाम लग गई। जिसके वजह से राहगीरों को काफी परेशानी हुई। लंबी दूरी की यात्री वाहन नही चले। हालांकि बरही के चारो मार्गो में संचालित दुकान एवं प्रतिष्ठान खुले रहे। जाम के साथ बरही चौक पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्षता एवं संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा ने किया। सभी वक्ताओं ने कृषि कानून को काला कानून बताते हुए  उसे रदद् करने की मांग की । दो घंटे के बाद जाम हटा लिया गया।  मौके पर कांग्रेस जिला महासचिव  सह विधायक प्रतिनिधि बिनोद यादव, सीपीआई के कृष्णा मेहता, मौके पर जेएमएम केंद्रीय समिति सदस्य बिनोद विश्वकर्मा,  कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ड० निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ जिला सचिव दीपक गुप्ता, विधायक प्रति. निधि सह उपप्रमुख सिकंदर राणा, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा, कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष यमुना यादव, ओबीसी मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष सुनील साहू, अशोक सिंह, मो तौकीर रजा, मो कलीम, रघुनन्दन यादव, जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष रंजीत पांडेय, प्रखंड सचिव इम्तियाज अंसारी, दलित मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष संजय पासवान, बबलू अंसारी, संजय रविदास, मनोज केशरी, गोविंद भगत, विवेक विश्वकर्मा, अमर हुसैन, गुलाम मुस्तफा, मो वारिस ,भाकपा से कामरेड जिला सचिव कृष्णा कुमार मेहता, सीपीआई एमएल के प्रखण्ड सचिव मो सेराज उर्फ चांद सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



बरही चौक जाम करते विपक्षी पार्टी के लोग



जाम की स्थिति

# भावी जीप सदस्य ने किया खोड़ाहर पंचायत का दौरा, ग्रामीण समस्या से हुए अवगत कहा एक बार मौका दें समस्याओं का करूँगा समाधान

## ग्रामीणों ने सड़क, सिचाई एवं स्वास्थ्य समस्या से कराया अवगत

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनू पंडित / धनंजय कुमार**

बरही जिला परिषद मध्य भाग के भावी प्रत्याशी रामचंद्र यादव ने जन. संपर्क अभियान के तहत खोड़ाहर पंचायत के रालो,  कुंडवा एवं 4 माइल गांव का दौरा किया एवं वहां की जन समस्या से अवगत हुए । ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों का इलाका अत्यंत ही पिछड़ा है । क्योंकि अब तक जितने भी जनप्रतिनिधि हुए वे सारे केवल वोट लेकर चले गए । कभी मुड़कर उनकी समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं दिखे । कुंडवा के ग्रामीणों ने जर्जर सड़क की स्थिति को दिखाते हुए कहा की आजादी के सात दशक बाद भी कुंडवा गांव मुख्य रूप से पक्की सड़क से नहीं जुड़ पाया । जिसके वजह से जनप्रति. निधियों के खिलाफ काफी जनता का आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया की हम लोगों का क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है , लेकिन हम सब मानसून पर निर्भर रहते हैं । क्योंकि सिंचाई के लिए लिफ्ट इरिगेशन की व्यवस्था नहीं है ।। जिसके कारण सालों भर खेती हम लोग नहीं कर पाते हैं।। वही ग्रामीणों ने शिक्षा, स्वास्थ्य की भी समस्या से समाजसेवी रामचंद्र यादव को अवगत कराया । समस्या सुनने एवं जानने के बाद समाजसेवी रामचंद्र यादव ने कहा कि जो प्रतिनिधि निर्वाचित हुए उन्होंने अपनी कर्तव्य का निर्वहन सही तरीके से नहीं किया लेकिन एक बार आप अपना समर्थन मुझे दें । आपकी सभी समस्याओं के प्रति में गंभीर रहूंगा। मौके पर मुख्य रुप से जानकी यादव,  समाजसेवी दिनेश यादव ,  प्यारे लाल यादव , उपेंद्र यादव,  अवधेश यादव,  कैलाश यादव,  कामेश्वर यादव,  बालेश्वर यादव ,महेश कुमार यादव , राजू यादव , दुलार यादव,  रामचंद्र यादव, इंद्रदेव यादव, मौजूद थे।



जनसम्पर्क करते रामचंद्र यादव



जनसम्पर्क करते रामचंद्र यादव

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार    सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार    एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति    मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

## किक मारकर पूर्व विधायक ने पुरहारा में किया फुटबॉल टुर्नामेंट का शुभारम्भ

### सामूहिक एकजुटता का परिचायक है फुटबॉल मैचः मनोज कुमार यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**बिरेन्द्र कुमार**



खिलाड़ियों के साथ पूर्व विधायक वा अन्य

बरही शिवशक्ति क्लब पुरहारा द्वारा आयोजित 10 दिवसीय फुटब०ल प्रतियोगिता का पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने किक मारमार शुभारम्भ किया। इस दौरान खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर पूर्व विधायक ने सबको खेल भावना से खेलने को कहा। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि सामूहिक एकजुटता से ही किसी मैच को जीत जा सकता है। कहा खेल से शारीरिक व मानशिक विकास होता है। आयोजको को सुंदर व आकर्षक आयोजन के लिए बधाई दिया। इधर पहला मुकाबला टाइगर डिफेंस क्लब हज़ारीबाग़ बनाम जरहिया के बीच खेला गया जिसमें 2 - 0 से जरहिया को पराजित कर डिफेंस क्लब अगले दौर में प्रवेश किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, ओबीसी प्रमंडल प्रभारी किसुन यादव, सांसद प्रतीनीधि अर्जुन साव,भाजपा नेता लक्ष्मण यादव, युवा नेता कृष्णा यादव, सतपाल उर्फ विक्की यादव, ओबीसी मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव, शिवननद यादव आदि सम्मिलित हुए। आयोजन को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष विजय यादव, सचिव विकास यादव, पुरहारा टीम के कप्तान मिथलेश यादव, उपकप्तान अनुज कुमार उर्फ मोनू यादव, कोषाध्यक्ष राजदेव यादव, उपाध्यक्ष कौलेश्वर यादव, सदस्य प्रमोद यादव, सीताराम यादव, युगल यादव, रितेश गुप्ता,सुजीत यादव, पिंटू यादव,अविनाश यादव, सुधीर यादव, भोला रजक, कैलाश यादव, धर्मेंद्र यादव, आकाश कुमार, रंजीत कुमार, सोनू यादव, सुभाष यादव आदि उपस्थित रहे।

## आगामी 29 सितंबर के सम्मान समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक आयोजित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनू पंडित / धनंजय कुमार**



कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श करते भाजपा के कार्यकर्ता

बरही राम नारायण यादव क०लेज परिसर में भाजपा ओबीसी मोर्चा की अनुमंडल स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता बरही पश्चिमी ओबीसी मंडल अध्यक्ष मनोज साहू एवं संचालन बरही पूर्वी ओबीसी मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंडल प्रभारी किशन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री सुरेश प्रजापति उपस्थित हुए। बैठक में अनुमंडल के भाजपा ओबीसी मोर्चा के सभी अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।बताया गया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सितंबर से 7 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सेवा संबंधी कार्यक्रम के तहत आगामी 29 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जनहित में सरकारी योजना के लाभार्थी एवं सरकारी सेवानिवृत्त कर्मचारी को सम्मानित करने का कार्यक्रम सु. निश्चित किया गया है। बैठक में युवा नेता रितेश कुमार गुप्ता, चौपारण पूरी मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, महामंत्री बरही पश्चिमी गौरव कुमार गुप्ता, प्रवीण कुमार यादव, इंद्रदेव ठाकुर, संतोष कुमार,सुरेश प्रजापति,मनोज कुमार, पिंटू यादव, विशाल यादव, दीनानाथ यादव, सचिन कुमार यादव, नीरज कुमार शर्मा ,रोहित कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

## दुकानदारों ने श्रमदान कर सड़क के भरे गड्ढे

**अपेम लाइवः बरही**




सड़क का गड्ढा भरते दुकानदार

बरही गया रोड मे सड़कों के बीचों बीच कई गढ़े बन गए है जिससे आवागमन मे मोटरसाइकिल व छोटे गाड़ियों को काफी असुविधा होती है तथा दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है। गया रोड के कुछ दुकानदारों ने इसे देखते हुए अपने दुकान के सामने बने गढ़े को खुद से भरने का संकल्प लिया तथा श्रम दान कर गड्ढों को भरने का कार्य भी शुरू किया। उन्होंने कहा कि एनएच द्वारा केवल लीपापोती का कार्य किया जाता है। बारिश आते ही इनकी पोल खुल जाती है जिससे बहुत सारी दुर्घटना भी घटती रहती है। हालाकि आवागमन सुचारू रूप से चलने लिए हाल ही में सड़क की मरम्मत भी की गई थी, लेकिन पिछले बारिश ने सड़क को कई जगह से उखाड़ दिया है। सड़क उखड़ने व वाहनों के लगातार आवागमन के कारण अभी भी कई जगह गहरे बड़े - बड़े गड्ढे बने हुए हैं।

## सामाजिक कार्यकर्ता की मृत्यु की खबर सुनकर विजैया में पसरा सन्नाटा

**अपेम लाइवः बरही**



फाइल फोटो



जीप प्रतिनिधि मो क्यूम मुखिया दशरथ यादव वा अन्य

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के समाजसेवी सुरेश कुशवाहा एवं बा. लेश्वर प्रसाद के पिता धनेश्वर कुशवाहा उम्र 75 वर्ष की मृत्यु सोमवार सुबह 7 बजे हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने कहा कि आज हमने विजैया पंचायत के एक हीरा को खो दिया। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि धनेश्वर माहतो ने अपने पंचायत के लिए बहुत सारे सामाजिक कार्य किये। और इनको गुजर जाने के बाद मैं काफी मर्माहत हुँ। मोके पर मुखिया दशरथ यादव,उप मुखिया सहदेव शर्मा,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि देवलाल कुशवाहा,उमेश दास, जंगल माहतो, रूपलाल माहतो, रघु मोदी, चंद्रिका प्रसाद, चंद्रिका दास, एवं गांव के अन्य लोग उपस्तिथ रहे।

### आज का पचिंाड्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः---28.09.2021
शुभसंवत् रू---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन सौम्यगोलेरू
ऋतुः---शरद
माहः---अश्विन
पक्षः---कृष्ण पक्ष
तिथिः---सप्तमी तिथि दिन 03:05 तक उपरांत अष्टमी तिथि
दिनः---मंगलवार
नक्षत्रः---मृगशिरा नक्षत्र
योगः---व्यतिपात
करणः---का
सूर्योदय :---प्रातः 06:03
सूर्यास्त : संध्या 05:57
सूर्य :---कन्या राशि में
चंद्रमा :---मिथुन राशि में
आज का राहूकाल दिनः---03:00 बजे से दिनरू---04:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)



आलेखः---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## दुलमाहा के चंदन नगर से 33000 वॉल्ट का तार ले जाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

### बिजली एसडीओ को ज्ञापन सौंपकर 33000 वॉल्ट तार से होने वाले परेशानी से कराया अवगत

**अपेम लाइव : बरही**



बिजली विभाग के मनमानी के खिलाफ विरोध जताते ग्रामीण

बिजली विभाग की ओर से बरही डीवीसी से विजैया विद्युत सब स्टेशन तक 33000 वोल्ट का तार ले जाया जा रहा है । इसे लेजाने के लिए जो पोल गाड़ा गया है। उसे दुलमाहा के चंदन नगर में रहने वाले लोगों के घर के पास गाड़ दिया जा रहा है। जिससे कभी भी दुर्घटना घट सकती है। बिजली विभाग की इस कार्रवाई का विरोध चंदन नगर के ग्रामीण कर रहे हैं। सोमवार को समाजसेवी एवं मुखिया प्रत्याशी मो बेलाल के नेतृत्व में बिजली विभाग के द्वारा किया जा रहा इस कार्य के विरोध में ग्रामीणों ने जमकर विरोध जताया गया। मो बेलाल ने बताया कि बिजली विभाग मनमानी कर रहा है। जबरन घर के पास पोल गाड़ दे रहा है। उसके ऊपर से 33000 वॉल्ट का तार ले जाने से कभी भी अनहोनी घटना घट सकती है। स्थानीय ग्रामीण सकलदेव यादव ने कहा कि घर के पास से नही ले जाकर कम से कम सड़क से 20 फ़ीट हटकर पोल गाड़ा जाय तो इससे दुर्घटना की संभावना कम हो जाएगी। इसी को लेकर मो बेलाल एव सकलदेव यादव के नेतृत्व में एक मांगपत्र बिजली विभाग के एसडीओ को सौपा गया। ज्ञापन सौंपने वालो में सकलदेव पंडित, हरिदेव पंडित, अजय प्रजापति, राजेन्द्र पंडित, नंदलाल पंडित, सरयू भुइयां, प्रेम कुमार,संजय कुमार, रामचंद्र कुमार , राजेन्द्र केशरी, कैलाश कुमार, गिरजा देवी, कौशल्या देवी, सुदामा देवी, कलावती देवी, अनु देवी, महावीर पंडित, आरती देवी, प्रमिला देवी, मंजू देवी, ज्ञानी रविदास, सुमा देवी, शिव शंकर भुइयां, आगंगो पंडित, कमल पंडित आदि लोग शामिल हैं।


APEM LIVE





APEM LIVE

अपना खबर प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करे :
7004315535 ,9550809864
9431129570 ,9122222016








डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## सद्भावना सह स्वाभिमान यात्रा के 27वें दिन भुनेश्वर यादव ने विभिन्न पंचायतो में चलाया जनसंपर्क अभियान

### जनप्रतिनिधियों पर क्षेत्र के विकास के लिए बनाएं दबावः भुनेश्वर यादव

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनू पंडित**


ग्रामीणों को संबोधित करते भुनेश्वर यादव

सद्भावना सह स्वाभिमान यात्रा के 27वें दिन समाजसेवी भुनेश्वर यादव बरही प्रखंड के विभिन्न पंचायतो के विभिन्न गांवों में जैसे करसो खोडाहर,करियातपुर,कटियोन, डुमरडीह, बरसोत, चलंगा आदि गांवो मे जनसंपर्क अभियान चलाया तथा लोगों से आह्वान किया कि आप अपने जनप्रति. निधियों पर विकास करने के लिए दबाव बनावे क्योंकी बरही विधानसभा के जनप्रतिनिधि पिछ्ले कई वर्षो से यहां के जनसवालो को छोडकर अपने स्वार्थ की पूर्ती मे लगे हुए है। उन्होंने कहा कि यहां के जनप्रतिनिधि एवं पूर्व जनप्रतिनिधि मिले हुए है एवं बारी–बारी से सत्ता सुख पाने के लिए यहां के आमजनो के बेवकूफ बनाने का कोई कसर नही छोडते हैं । और सत्ता पाने के बाद अंदर से एक दुसरे को संरक्षण देते है एवं कई अनैतिक कार्यो का संचालन कर धन अर्जित करते है। उनको इस क्षेत्र से कोई लेना देना नही है। भुनेश्वर यादव ने लोगों से अपील की कि आने वाले समय में आप यहां से स्थानीय लोगों को चुनकर अपना प्रति. निधित्व करने के लिए विधानसभा भेंजे तभी यहां के जनसमस्याओं का निदान हो पायेगा।

## पदमा प्रखंड के बिहारी पंचायत भवन में कृषी चौपाल का किया गया आयोजन

### उत्तम बिज और उत्तम तकनीक से खेती करें किसान : डॉ पंकज सिन्हा

**अपेम लाइवः पदमा**
**ओम प्रकाश मेहता**


कृषि चौपाल में उपस्तिथ लोग

पदमा प्रखंड़ के बिहारी पंचायत भवन में कृषि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ मनीष कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कृषि अनुसंधान के कृषि के डॉ पंकज कुमार ने कहा की किसान उत्तम बीज और तकनीक से करें। खेती कर के लाभ उठाएं किसान वहीं कृषि प्रखंड पदाधिकारी अनीता कुमारी ने कहा किसान अभी के मौसम के अनुसार खेती कर के लाभ उठाएं किसान वहीं जनसेवक पिंकी कुमारी ने कहा अभी किसान दलहन का खेती करें ओर लाभ उठाएं। मोके पर बिहारी पंचायत के मुखिया सहदेव प्रसाद मेहता, बीपीओ सुमन कुमार ,बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष परमेश्वर पांडेय,उप प्रमुख प्रतिनिधि प्रेम मेहता, कृषि मित्र ललन रविदास ,राजू राणा, प्रभु मेहता ,अशोक राणा आदि लोग उपस्थित थे।

## बरही गया रोड में के आर एल कनेक्टिंग सर्विस का हुआ उद्घाटन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनू पंडित/धनंजय कुमार**

बरही गया रोड में स्थित पेट्रोल पंप के समीप के आर एल कनेक्टिंग सर्विस का उद्घटान सोमवार को हुआ। उद्घाट्न हाजी अमीन खान एवं हाजी सम्मी खान ने फीता काट्कर किया। जानकारी देते हुए इस सर्विस सेन्टर के संचालक शहजाद खान, फहीम खान,एवं फिरोज़ खान ने बताया कि इस सर्विस सेंटर के खुलने से यहाँ आस पास के लोगो को बहुत सारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जिसमे वाहनों के लिए इन्सुरेंस, री इन्सुरेंस एवं लोन उपलब्ध कराए जाएंगे। मोके पर गुलाम सरवर, हाजी समी खान, हाजी अमीन खान, कौशर खान, नसीम खान, इरफान खान, सुल्तान खान, गरीब नवाज, संजय सिंह, देवल यादव, सुरेंद्र यादव, अकबर खान, अतीक खान, मुस्तकीम खान, मंटू खान, हरून खान, गुलाम खान, मनुवर खान, आसिफ खान, वीरेंद्र चन्द्रवंशी, इरशाद खान, मतीन खान, कमरुद्दीन खान, एजाज खान, सोनु खान, केशर खान, नईम खान, नौशाद आलम, इजराइल खान, सैफ अली खान एवं अन्य लोग उपस्तिथ रहे।



मोके पर उपस्तिथ लोग


उद्घाटन करते अतिथिगण









सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरकट्ठा में विपक्षी दलों ने जीटी रोड को घंटो किया जाम

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजित कुमार**


भारत बंद कराते विपक्षी पार्टियां

बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय के समीप जीटीरोड में विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर घंटो सड़क जाम किया। किसानों के समर्थन में भारत बंद को लेकर झाम.ुमो, कांग्रेस, भाकपा माले, राजद के नेता बरकट्ठा स्थित जीटी रोड पर उतरकर सड़क जाम किया। मौके पर उन्होंने कहा की कृषि कानून के विरोध में किसानों के अह्वान के साथ बरकट्ठा में महागठबंधन खड़ा है। इस दौरान पुलिस ने जाम कर रहे लोंगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर रिहा कर दिया। सभी पार्टियों ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि देश में मोदी सरकार किसानों के खिलाफ कृषि काला कानून लाकर किसानों के साथ अन्याय कर रही है। अंबानी अडानी के हाथों किसानों को गुलाम बनाने की साजिश रच रही है ।अभी 10 महीनों से किसान धरने पर बैठे हैं 700 किसान शहीद हो चुके हैं और मोदी सरकार चुपचाप बैठी हुई है और नए श्रम कानून लाकर मजदूर वर्ग को गुलाम बनाकर कॉरपोरेटरो के हाथ मजबूत कर रही है। दो करोड़ रोजगार देने की बात कहकर सत्ता में आए लेकिन सभी सरकारी संपत्तियों को निजी करण कर उल्टी नौकरियां छीन ली गई। करोना काल में जो देश की हालात पैदा उसकी सारी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है जो बिना सोचे समझे फैसले लिए। डीजल ,पेट्रोल के दाम बेतहाशा वृद्धि से महंगाई चरम पर है जिसमें आम जनता असमर्थ है। असहाय वर्ग के लोग काफी पस्त हैं जो लोग मोदी सरकार की पीठ थपथपाने का काम कर रहे हैं वह सारे किसान विरोधी है ।आने वाले चुनाव में बंगाल की तरह पांचों राज्यों की चुनाव में हार का सामना भाजपा मोदी सरकार को करनी पड़ेगी। सड़क जाम करने वालों में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल,भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य सविता सिंह, बरकट्ठा प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन अध्यक्ष समसुद्दीन अंसारी, सीपीआई प्रखंड सचिव आनंद पांडे , श्री संतोष कुमार देव,वासुदेव महतो,अशोक चौधरी ,सलीम अंसारी, इनामुल अंसारी, यमुना पासवान , कुंजलाल माहतो, वीरेंद्र पांडे, गुरुदयाल सिंह, इस्राफील अंसारी, दिवाकर मोदी, फरीद उद्दीन, सरफराज खान, हैदर अंसारी,शमीम अंसारी ,श्याम पासवान, किशोर पा. सवान ,गंगो महतो ,प्रमोद गुप्ता , कृष्णदेव बर्णवाल, राजा राम मांझी ,निजाम अंसारी, शमीम खान इत्यादि लोग शामिल थे।

## शव यात्रा में शामिल हुए सांसद प्रतिनिधि

**अपेम लाइव :चौपारण**
**धीरज प्रजापति**


शव यात्रा मे शामिल सांसद प्रतिनिधि व अन्य

चौपारण प्रखंड के सिंघरावां पंचायत के हज़ारीधमना निवासी प्रभु राणा उम्र 55 वर्ष पिता हरिलाल राणा का निधन ह्रदय गति रुकने से कल रात्रि 10 बजे हो गया, प्रभु राणा पूरे पंचायत में सभी समाज में एक अच्छे समाज सेवी थे वे अपने पीछे दो पुत्री दो पुत्र बृजनंदन राणा एवं रोहित राणा सहित पूरा भरा पूरा परिवार छोड़ के चले गए । उनके निधन से पूरे पंचायत में शोक की लहर है । राजेन्द्र चन्द्रवंशी ने कहा कि स्व प्रभु राणा जी अच्छे मिलनसार वयक्ति थे उनके जाने से उनके परिवार और समाज को अपूरणीय क्षति हुई है भगवान से प्राथना करता हूं उनको अपने चरणों मे स्थान दे। शव यात्रा में चौपारण प्रखंड के पूर्वी सांसद प्रति. निधि राजेन्द्र चन्द्रवंशी, राणा समाज के वरिष्ठ समाज सेवी भीखन राणा, मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र रविदास, अखिलेश सिंह, द्वरिका राणा, धुरपनारायन सिंह, बिक्रम सिंह, सन्तोष भुइयाँ,मनीष कुमार यादव उपस्थित थे ।

## सदर विधायक पहुंचे कदमा, ग्रामीणों संग निर्माणाधीन शनि मंदिर के सौन्दयह्नकरण और विकास को लेकर की चर्चा

**अपेम लाइव : हजारीबाग**


खिलाड़ियों के साथ पूर्व विधायक व अन्य

सोमवार की सुबह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 23 स्थित कदमा ग्राम पहुंचे। यहां कदमा निवासी समाजसेवी बीरेंद्र कुमार सिंह के आवास पर ग्रामीणों के साथ सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बैठक की और कदमा ग्राम स्थित कदमा नदी के समीप निर्माणाधीन शनि मंदिर के सौन्दर्यीकरण और क्षेत्र के विकास पर चर्चा- परिचर्चा की। ग्राम वासियों के आग्रह पर विधायक मनीष जायसवाल ने निर्माणाधीन शनि मंदिर के सौन्दर्यीकरण में यथासंभव सहयोग प्रदान करने का वादा किया । मौके पर विशेष रूप से सदर विधायक के सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर, कटकमदाग प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, स्थानीय वार्ड पार्षद दीपक सिंह, समाजसेवी बीरेंद्र कुमार सिंह, समाजसेवी सुनील सिन्हा, प्रो.उदय सिंह, सदानंद ओझा, प्रशांत सिन्हा, सुधीर पांडेय, सुनील सिंह, पत्रकार मुरारी सिंह, डॉ दिनेश कुमार सिंह, रवि सिंह, विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

अपेम लाइव न्यूज में विज्ञापन के लिए
संपर्क करें :-
सोनू पंडित, मो0 9550809864

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चौपारण इकाई द्वारा चलाया गया सदस्यता अभियान

### एबीवीपी दुनिया के सबसे बडा छात्र संगठन है जो छात्रहित और राष्ट्र के लिए काम करती है : धीरज प्रजापति

**अपेम लाइव :चौपारण**



सदस्यता अभियान चलाते एबीवीपी के लोग

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चौपारण इकाई द्वारा चौपारण के विभिन्न कोचिंग एंव शिक्षण संस्थानों मे सदस्यता अभियान चलाया गया। विगत कई दिनो से अभियान चलाकर लगातार छात्रों को इस संगठन मसे जोडा जा रहा है। इस अभियान का नेतृत्व प्रखंड इकाई अध्यक्ष धीरज कुमार प्रजापति के द्वारा किया गया। धीरज ने बताया कि जहा-जहा शिक्षा का दीपक है, वहां-वहां विद्यार्थी परिषद अपना काम बखुबी करता है। उन्होंने कहे कि हमे गर्व है कि हम विश्व के सबसे बडे छात्र संघठन का हिस्सा है। विद्यार्थी परिषद का एकमात्र मंत्र ज्ञान, शील, एकता है। इसी आधार से विद्यार्थी परिषद अपना कार्य करता है। यह ही एक ऐसा संगठन है जो पुरे दिन महाविद्यालय परिसर के अंदर शैक्षणिक समस्या को उठाकर समाधान करते है। सदस्यता अभियान मे मुख्य रूप से एबीवीपी के कार्यकर्त्ता दीपक गुप्ता, उदय गुप्ता, चंदन दांगी, नितेस कुमार, विवेक सोनी, चंदन राणा, मुकेश दांगी, शशि कुमार सहित कई युवा उपस्थित थे।

## ढाब को पराजित कर हजारीधमना बना फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता, पूर्व विधायक ने विजेता व उवविजेता को किया पुरुस्कृत

**अपेम लाइव :चौपारण**


खिलाड़ियों के साथ पूर्व विधायक व अन्य

हिंदुस्तान क्लब हजारीधमना में आयोजित 15 दिवसीय स्वर्गीय टीपी सिंह व रंजीत राणा फुटब०ल प्रतियोगिता का हुवा समापन। फाइनल मुकाबले में ढाब को परा. जित कर मेजबान हजारीधमना ने ट्र०फी पर कब्जा जमाया। पहला सेम. ीफाइनल मुकाबला मझगाँवां बनाम ढाब के बीच व दूसरा मुकाबला हजारीधमना बनाम मयूरहंड के बीच खेला गया। ढाब व हजारीधमना ने सेमीफा. इनल मुकाबला जीत फाइनल में अपना अपना स्थान बनाया। इससे पूर्व फाइनल मुकाबले का शुभा. रंभ बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने किया। प्रत्येक मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो व पूरे प्रतियो. गिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले हजारीधमना के खिलाड़ी को ट्र०फी देकर पुरुस्कृत किया गया। खिलाड़ियो को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि फुटब०ल मैच में सामूहिक एकजुटता व आपसी तालमेल से जीत मिलता है। कहा युवा खेल के माध्यम से अपना जीवन सवारे। भाजपा नेता मनोज सिंह ने ग्रामीणों क्षेत्र के खिलाड़ियो को हर सम्भव मदद का भरोशा दिया। मंच संचालक सुबोध सिंह ने बताया कि चुनाव हारने की बावजूद पूर्व विधायक का निरंतर सहयोग हजारीधमना को मिलता रहता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज सिंह, भाजपा ओबीसी प्रमण्डल प्रभारी किसुन यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, युवा नेता कृष्णा यादव, ब्रहदेव यादव, सिंघरावां प्रधान प्रतिमा देवी, बच्छई प्रधान प्रतिनिधि बीरेंद्र रजक, पैक्स अध्यक्ष सहदेव यादव, भाजपा नेता बैजनाथ यादव, सुरेंद्र यादव, प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजन समिति के संयोजक प्रधान प्रतिनिधि राजेन्द्र राम, सुबोध सिंह, धुपनारायन सिंह, अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, सचिव सतेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष बिनय सिंह, उपसचिव अनुज सिंह, कप्तान विकास सिंह, कोषाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह व शंकर यादव आयोजन समिति अनुज सिंह, प्रवीण सिंह, विवेक सिंह, अभय सिंह, संतोष भुइयाँ, दयानंद सिंह, अजय कुमार, राजू भुइयाँ, राहुल सिंह, सीताराम यादव, सुजीत यादव, पवन सिंह, वृजनदंन यादव आदि महती भूमिका निभा रहे है।

## चुनावी समर में सिंघरावां पंचायत से मुखिया उम्मीदवार होंगे बद्री साव व नौसाद खान

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**


बद्री साव


नौशाद खान

कोरोना का तीसरा लहर अगर बेअसर रहा तो आने वाले दिसम्बर या जनवरी में पंचायत चुनाव होने की प्रबल संभावना है। ऐसे में संभावित उम्मीदवार चुनावी समर में भाग्य आजमाने को लिए अभी से ही तैयारी में जुट गए है। बात करे सिंघरावां पंचायत की तो अनारक्षित (अन्य) सीट होने की प्रबल संभावनाओं के बीच सिंघरावां पंचायत से कई उम्मीदवारो का नाम सामने आ रहा है। झारखण्ड में हुए पहली बार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सिंघरावां पंचायत पूनम नौसाद पहली व अंजू देवी दूसरी बार मुखिया बनी। तीसरे चुनाव में सिंघरावां पंचायत से समाजसेवी सह सिंघरावां निवासी बद्री साव अपने 35 वर्षो के राजनीतिक अनुभव का फायदा उठाने के लिए चुनावी मैदान में उतरेंगे। वही पहले चुनाव में पत्नी को जीत की दहलीज पर पहुँचने वाले केवला निवासी नौसाद खान खुद से चुनावी मैदान में भाग्य आजमाएंगे।

**सामाजिक कार्यो में बीतता है समय, सबको साथ लेकर चलूंगा : बद्री साव**

संभावित उम्मीदवार बद्री साव ने कहा कि पिछले 30 वर्षों से राजनीतिक जीवन मे हूँ। मेरा पूरा जीवन सामाजिक कार्यो में बीतता है, लोगों की सेवा करना ही हमारे जीवन का एक मात्र उद्देश्य है। श्री साव ने कहा कि अगर जनता हमे मौका दिया तो सबको साथ लेकर चलूंगा व जनता के उम्मीदों पर खरा उतरूंगा।

**हारकर भी जनता के सेवा में लगा रहा : ना.ैसाद खान**

पहले चुनाव में पत्नी को मुखिया बनाने के बाद तीसरी बार खुद से संभावित उम्मीदवार बनने को तैयार नौसाद खान ने कहा कि हारकर भी हम पिछले 5 वर्षो से जनता के बीच सक्रिय रहकर छोटे बड़े समस्याओं को समाधान करने के अलावे सबके सुख दुःख में शामिल होता रहा हूँ। कहा मुझे पूरा विश्वाश है इस बार जनता मेरे पक्ष में मतदान करेगी।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## डूमरडीहा गांव के प्रवासी मजदूर की शव हीरापुर रेलवे स्टेशन से बरामद

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजित कुमार**


प्रवासी मजदूर का पडा शव

बरकट्ठा थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरडीहा निवासी की प्रवासी मजदूर की मौत हीरापुर रेलवे स्टेशन स्थित पुलिस ने बरामद किया हैं। मामले को लेकर समा. जसेवी मनोज मुर्मू ने पत्रकारों को बताया 23 सितंबर को अहले सुबह मृतक ने समाजसेवी श्री मुर्मू को कॉल कर ससुराल पर आरोप लगाते हए कहा महेश सोरेन, लालजी मरांडी, सिबराम सोरेन के द्वारा जान मारने की धमकी दिया जा रहा हैं। उन्होंने इस दौरान तुरंत घर लौटने को कहा। 26 सितंबर को मृतक के फोन को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन उठा कर बताया की एक शव हिरापूर रेलवे स्टेशन से पांच किलोमीटर स्थित पड़ा है। जंहा समाजसेवी मनोज मुर्मू ने घटना स्थल पर पुलिस को सूचना दे कर शव को कब्जे में ले लिया गया। ज्ञात हो की रक्षा बंधन के दिन मृतक ने आंध्र प्रदेश के बिशाखा पटना अपने जीविका पार्जन के लिए गऐ थे। मृतक अपने पत्नी के साथ दो बच्चों को छोड़कर चले गए। साथ ही मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद घर लाया जा रहा हैं।

## शिव मंदिर का होगा जीर्णोद्धार,बैठक में लिया गया निर्णय

### सांगठनिक मुद्दे पर भी हुई चर्चा

**अपेम लाइव :चौपारण**


शिव मंदिर जीर्णोधार को लेकर बैठक करते श्रद्धालू

बिगहा स्थित चंद्रवंशी परिसर में बैठक आयोजित कर शिव मंदिर के जीर्णोद्धार का निर्णय व संकल्प लिया गया । बताते चलें इस परिसर में प्रतिवर्ष 100 से भी अधिक शादियां बेहद कम खर्च पर आयोजित की जाती हैं। बड़ी संख्या में समाज के अंतिम पंक्ति के लोग महज कुछ सौ रुपए खर्च में प्रांगण में शादी आयोजित करते हैं। वर्ष 1999 के स्थापना के बाद से ही अभी तक हजारों शादियां इस प्रांगण में की जा चुकी है । इसे सुसज्जित करने में समाज के इटखोरी, चौपारण , मयूरहंड सहित अन्य स्थलों के लोगों का सहयोग रहा है। परिसर में स्थित शिव मंदिर के साथ यज्ञ मंडप है। जबकि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के द्वारा दिया गया भवन तथा पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा के द्वारा संसद भवन का इस्तेमाल बखूबी किया जा रहा है। इसी कड़ी को बढ़ाते हुए लोगों ने निर्णय लेकर शिव मंदिर के जीर्णोद्धार का चर्चा किया। इसके लिए आपसी चंदा भी आरंभ किया गया। बैठक में सां. गठनिक चुनाव की चर्चा गई। बताया गया कि संगठन मजबूती के लिए चुनाव होगा। बैठक की अध्यक्षता राजेन्द्र चंद्रवंशी ने किया । बैठक में महेंद्र चंद्रवंशी , राजेश चंद्रवंशी, करुणा चंद्रवंशी, कृष्णा चंद्रवंशी , प्रदीप चंद्रवंश, शंकर चंद्रवंशी ,प्रदीप चंद्रवंशी , मदन चंद्रवंशी, आनंद चंद्रवंशी समेत कई अन्य मौजूद थे

## वन भूमि पर कब्जा करने वालों पर विभागीय ने आठ लोगों पर की प्राथमिकी दर्ज

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजित कुमार**


वन भूमि को अतिकमित कर बनाया गया झोपडी


बरकट्ठा थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया में एक एकड वन भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों पर विभागीय ने आठ लोंगो पर प्राथमिकी दर्ज की हैं। मामले को लेकर प्रभारी वनरक्षी अमर आंनद सरस्वती ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि सलैया जंगल में स्थित तालाब में कुछ लोग बतख पालन कर रहे हैं। साथ ही एक एकड वन भूमि पर अवैध कब्जा कर झोपड़ी बनाया गया है। और खेती करने के नियत से जोतकोड कर रहे हैं। वरीय अधिकारियों को सूचित करते हुए क्षेत्र का मुआयना किया गया। जहां सत्यता पाई गई। वनकर्मियों के द्वारा अवैध निर्माण झोपड़ी को धवस्त करते हुए बब्लू प्रसाद,कुंज बिहारी प्रसाद, रा. जेश प्रसाद,बसंत प्रसाद, दीपक कुमार, नीरज कुमार,टिंकू प्रसाद और पवन कुमार बरवां सलैया निवासी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 धारा का उल्लंघन करने के मामले में मामला दर्ज किया गया। प्रभारी वनरक्षी ने बताया कि वन भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों को खिलाफ कडी कारवाई की जाएगी। दोषियों को किसी भी किमत में बख्शा नहीं जाएगा। अतिक्रमण मुक्त कराने में प्रभारी वनपाल आंनद कुमार सिंह, प्रभारी वनरक्षी अमर आंनद सरस्वती, वनरक्षी बिरेन्द्र कुमार, राजेन्द्र कुमार, नाजीर हुसैन, गृह रक्षावाहिनी के इंद्रदेव साव शामिल थे।

## किसानों की देशव्यापी बंद से चौपारण में भी रही असर

**अपेम लाइव :चौपारण**
**धीरज प्रजापति**


बंद कराते चौपारण के विपक्षी पार्टियां


देश में दस महीने से चल रहा किसान आंदोलन से संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में देश व्यापी हड़ताल से चौपारण में बंद का पडा असर ।कांग्रेस, जेएमएम,लेफ्ट की पार्टियों ने केंद्र सरकार द्वारा तीन कृषि कानून लागू करने के विरोद्ध में 27 सितंबर को देश व्यापी हड़ताल से चौपारण में भी बंद का असर रही। इससे पहले कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति के आवास से फ्लैग मार्च निकाल कर चौपारण के चतरा मोड़ जीटी रोड को जाम कर दिया गया जिससे आवागमन घंटो वाधित रही। जिसमे मुख्य रुप से रामफल सिंह, राजेन्द्र कुमार राणा, बालकिशुन यादव, विकास यादव, अजय राय, राजेश सिंह, नंदकिशोर यादव, मनोज सिंह, हीरा सिंह, करुणा चंद्रनवंशी, सुरेंद्र सिंह, मनोज यादव, अभिमन्यु भगत, अरुण कुमार श्रीवास्तव, बैजू गहलौत, गिरिजा राणा, रेवाली पासवान, वीरेंद्र राणा झामुमो, सुखदेव सिंह सीपीआई, इत्यादि उपस्थित थे।










डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी